भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
03.12.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 510 का उत्तर

मिजोरम में रेल लाइन का विस्तार

510. श्री रिचर्ड वनलालह्मंगइहा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का मिजोरम में सैरांग से आगे रेल लाइन का विस्तार करने का विचार है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है साथ ही प्रस्तावित मार्ग क्या है और सर्वेक्षण/योजना कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या सैरांग से आगे रेल विस्तार के लिए कोई बजट आवंटन किया गया है;

(घ) यदि हाँ, तो आवंटित राशि और संबंधित वित्तीय वर्ष का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) प्रस्तावित विस्तार की अनुमानित लागत कितनी है और इसके पूरा होने का प्रत्याशित समय क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): सीमा राज्य मिज़ोरम को राजधानी से जोड़ने के लिए, बहरबी-सायरंग (51.38 किमी) नई लाइन परियोजना पूरी हो गई है और हाल ही में सितंबर, 2025 में कमीशन की गई है। इस परियोजना में क्षेत्र की कठिन स्थलाकृति और जटिल भूविज्ञानी परिस्थितियों में 45 सुरंगें, 55 बड़े पुल और 88 छोटे पुलों का निर्माण किया गया है।

इस परियोजना के पूरा होने के साथ, गुवाहाटी, नाहरलगुन (इटानगर के लिए) और अगरतला के बाद आइजोल भारतीय रेल नेटवर्क से जुड़ने वाली चौथी पूर्वोत्तर राज्य की राजधानी बन गई है। मिजोरम में सायरंग से आगे संपर्कता मुहैया कराने के लिए, सायरंग-हबिचुआह (223 कि.मी.) नई लाइन के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई है।

******